भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2452

उत्तर देने की तारीख 15 दिसंबर, 2025
24 अग्रहायण, 1947 (शक)

बरगढ़ और झारसुगुड़ा जिलों में खेल अवसंरचना

2452. श्री प्रदीप पुरोहित:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ओडिशा के बरगढ़ और झारसुगुड़ा जिलों में खेल अवसंरचना और प्रशिक्षण सुविधाओं के विकास का कोई प्रस्ताव है;

(ख) क्या सरकार ने खेलो इंडिया योजना (केआईएस) के अंतर्गत उक्त जिलों में एथलेटिक्स, कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, तीरंदाजी और पारंपरिक ग्रामीण खेलों जैसे लोकप्रिय संभावित खेलों को बढ़ावा देने के लिए चिह्नित किया है;

(ग) क्या उक्त जिलों सहित पश्चिमी ओडिशा में जिला खेल परिसर, मिनी स्टेडियम या खेल अकादमियां स्थापित करने की कोई योजना है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान उक्त जिलों में खेल अवसंरचना और युवा सहभागिता कार्यक्रमों के विकास के लिए आवंटित और जारी की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (ङ) 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण, खेल अवसंरचना और प्रशिक्षण सुविधाओं का विकास, जिलों में लोकप्रिय संभावित खेल विधाओं और पारंपरिक ग्रामीण खेलों की पहचान करने, जिला खेल परिसर, मिनी स्टेडियम या खेल अकादमियों की स्थापना और युवा सहभागिता कार्यक्रमों के संचालन सहित खेलों के विकास का उत्तरदायित्व मुख्य रूप से राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों का है। केंद्र सरकार केवल महत्वपूर्ण कमियों को दूर करके उनके प्रयासों में सहायता करती है। इस मंत्रालय की स्कीमें मांग संचालित हैं। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार और अन्य पात्र संस्थाओं से प्राप्त प्रस्तावों की पूर्णता, उनकी तकनीकी व्यवहार्यता और धनराशि की उपलब्धता के आधार पर वित्तीय सहायता हेतु विचार किया जाता है। तथापि, ओडिशा के बरगढ़ और झारसुगुड़ा

जिले सहित देश भर में खेलो इंडिया केंद्रों (केआईसी), खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्रों (केआईएससीई) और खेलो इंडिया मान्यता प्राप्त अकादमियों (केआईएए) के विवरण के साथ इन केंद्रों के अंतर्गत आने वाली खेल विधाओं की जानकारी, मंत्रालय के डैशबोर्ड https://dashboard.kheloindia.gov.in पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

इस मंत्रालय में धनराशि राज्य-वार नहीं, स्कीम-वार आवंटित और जारी की जाती है। विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान ओडिशा के विभिन्न जिलों सहित देशभर में युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की विभिन्न खेल और युवा विकास स्कीमों के अंतर्गत आवंटित धनराशि और किए गए व्यय का विवरण निम्नानुसार है:

(राशि करोड़ रुपए में)

वित्त वर्ष	**आबंटित धनाशि**	**किया गया व्यय**
2025-26	3794.30	2268.33 (08.12.2025 की स्थिति के अनुसार)
2024-25	3232.85	2833.05
2023-24	3396.96	3024.04
2022-23	2673.35	2568.49

इसके अतिरिक्त, खेलो इंडिया स्कीम का 'ग्रामीण और देशज/जनजातीय खेलों का संवर्धन' उप-घटक विशेष रूप से देश में ग्रामीण और देशज खेलों के विकास और संवर्धन के लिए समर्पित है। इस घटक के अंतर्गत मल्लखंब, कलारीपयट्टू, गटका, थांग-टा, योगासन और सिलंबम जैसे देशज खेलों का चयन किया गया है और इन्हें खेलो इंडिया गेम्स का हिस्सा बनाया गया।

*****